# मौसम कैसा है? (स्तर-1)

| | |
|---|---|
| **विवरण** | ऋतुओं को जानना; मौसम में होने वाले मुख्य बदलावों को समझना और इन बदलावों में अपने आप को ढालने की समझ बनाना |
| **मुख्य प्रश्न** | बदलते मौसम के अनुसार खुद को कैसे ढालें? |
| **कार्य में लगने वाला समय** | 5 दिनों तक प्रतिदिन 1 घंटा और छठवें दिन प्रदर्शन के लिए 30 मिनट |
| **आवश्यक सामग्री** | कागज, कलम, पेंसिल, रंग, विभिन्न कपड़े, पेपर कप, मार्कर, मुलायम खिलौना (stuffed animal), कंबल |
| **सीखने के प्रतिफल** | • लोगों, जानवरों, पौधों में बदलाव के अनुरूप ढलनें की क्षमता को समझना<br>• अलग-अलग मौसमों की समझ<br>• मौसम के तत्वों की समझ |
| **पूर्व सीख** | कुछ नहीं |

## पहला दिन

आज आप अलग-अलग ऋतुओं के बीच की समानता और अंतर के बारे में जानेंगे।

| **सुझाई गई अवधि** | **गतिविधि और विवरण** |
|---|---|
| 5 **मिनट** | • विद्यार्थी विभिन्न ऋतुओं और मौसम में आने वाले बदलावों के बारे में जो कुछ भी जानते हैं उसे बताएंगे और साथ ही साथ इन परिवर्तनों के अनुकूल खुद को कैसे ढालें, इस पर कुछ बातें सबके सामने रखेंगे\|<br>• विभिन्न ऋतुएँ अलग-अलग मौसम लेकर आते हैं और हम मौसम के आधार पर अलग-अलग व्यवहार करते हैं |
| **5 मिनट** | • विद्यार्थी उन 4 ऋतुओं का चयन करेंगे जिन्हें वे जानते हैं (वसंत, ग्रीष्म, मानसून, शरद ऋतु, सर्दी, आदि) |
| 10 **मिनट** | • विद्यार्थी ऋतुओं की विशेषताओं की पहचान करने के लिए अपने परिवार के सदस्यों के साथ ऋतुओं पर चर्चा करेंगे। |
| **20 मिनट** | • विद्यार्थी दो चुने हुए ऋतुओं का चित्र बनाएँगे और उन ऋतुओं के बारे में जो जानते हैं उसे दिखाने की कोशिश करेंगे\| देखें कि i) वे उस ऋतु के |



EAA अपनी परियोजनाओं पर सुधार के लिए प्रतिपुष्टि का स्वागत करता है, कृपया इस लिंक का उपयोग करें: https://forms.gle/LGAP9k17fMyJrKJN7

| | |
|---|---|
| | साथ किस रंग को जोड़ते हैं, ii) मौसम तत्व उदा: सूरज, बादल आदि, iii) हम आम तौर पर उस ऋतु में क्या करते हैं आदि।<br>● परिवार के सदस्य या शिक्षक मापदंडों पर ध्यान दे सकते हैं जैसे: सोच और डिजाइन की रचनात्मकता, उनकी योजना और सोच में पूर्णता, दृढ़ता और कार्य को पूरा करने में समग्रता और जुड़ाव। |
| **15 मिनट** | ● विद्यार्थी ने जो चित्र बनाया और लिखा, उस बारे में सोचना शुरू करेंगे कि उनमें मुख्य अंतर क्या है ।<br>● टिप: यदि विद्यार्थी लिखने में सक्षम नहीं हैं, तो उनके माता-पिता उन्हें अक्षरों का लिखने में मदद कर सकते हैं या प्रत्येक शब्द के कुछ अक्षर लिख सकते हैं। |

# दूसरा दिन

आज आप चार अलग-अलग ऋतुओं में समानताओं और असमानताओं के बारे में सीखना जारी रखेंगे।

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **20 मिनट** | ● विद्यार्थी शेष दो ऋतुओं के चित्रों को बनाना जारी रखेंगे और वे उन सभी ऋतुओं के बारे-जो उन्होंने अनुभव किया है उस आधार पर- क्या जानते हैं: i) वे उस ऋतु के साथ किस रंग को जोड़ते हैं, ii) मौसम तत्व: सूरज, बादल आदि, iii) हम आम तौर पर उस ऋतु में क्या करते हैं आदि। |
| **15 मिनट** | ● विद्यार्थी अपने चित्रों को देखकर ऋतुओं में मुख्य अंतरों को सामने लाएंगे और इन असमानताओं को लिखेंगे\|<br>● टिप: यदि विद्यार्थी लिखने में सक्षम नहीं हैं, तो उनके माता-पिता उन्हें अक्षरों को लिखने में मदद कर सकते हैं या प्रत्येक शब्द के कुछ अक्षर लिख सकते हैं।<br>● विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के कपड़ों के बारे में सोचेंगे जो विभिन्न ऋतुओं में पहने जाते हैं |
| **10 मिनट** | ● क्या आप विभिन्न प्रकार के कपड़ों की बनावट को महसूस कर सकते हैं? क्या वे मोटे या पतले हैं? हवा, बारिश, सूरज से किस प्रकार के कपड़े हमारी रक्षा करते हैं? विभिन्न कपड़ों पर नज़र डालें और देखें कि आप क्या सोचते हैं?<br>● **वैकल्पिक: क्या आप जानते हैं कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग क्या** |

| | |
|---|---|
| | **पहनते हैं? क्या आप सोच सकते हैं कि मौसम के आधार पर यह अलग कैसे है?** |
| **15 मिनट** | ● विद्यार्थी अब अपनी स्वयं की कल्पना से चित्र बनाएँगे: उन्हें क्या लगता है कि सर्दी, बारिश और गर्मियों के लिए सबसे अच्छे कपड़े कौन से हैं और क्यों । |

# तीसरा दिन

आज आप इस समय चल रहे ऋतु की विशेषताओं के पहचान करेंगे ।

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **15 मिनट** | ● गर्म और ठंडा: एक गिलास में ठंडा पानी या बर्फ बाहर धूप में या खिड़की पर रखें। इसे गर्म होने में कितना समय लगता है? यदि यह सर्दी का मौसम है, तो विद्यार्थी पानी का एक गर्म गिलास बाहर या खुली खिड़की पर रख सकते हैं, इसे ठंडा होने में कितना समय लगता है? आपको क्या लगता है कि पानी गर्म या ठंडा क्यूँ हो रहा है? विद्यार्थी जो कुछ भी करते हैं उसके चरणों का चित्रण करेंगे या लिखेंगे कि गर्म या ठंडा होने में कितना समय लगा।<br>● संकेत: पानी का गर्म होना या ठंडा होना इस बात पर निर्भर करती है कि बाहर कितना गर्मी या ठंडी है । |
| **15 मिनट** | ● सूर्य चक्र: आप दिन में कितने समय तक सूरज देख सकते हैं? जब आप सोकर उठे तो क्या सूरज निकल चुका था? और शाम को सूरज ढलता किस समय है? क्या आप गिन सकते हैं कि सूर्य कितने समय के लिए दिखता है? क्या आपको याद है कि आपने अन्य ऋतुओं में सूरज को कितनी देर के लिए देखा था? विद्यार्थी लिखेंगे कि सूर्योदय और सूर्यास्त किस समय होता है और सूरज कितने घंटे के लिए दिखता है? |
| **15 मिनट** | ● बादलों भरा या साफ आसमान: आप आकाश में क्या देख सकते हैं? दिन में क्या आप बहुत सारे बादल देख सकते हैं? क्या आकाश बहुत नीला है? यह रात में कैसा दिखता है - क्या आप कई सितारों और फिर |



EAA अपनी परियोजनाओं पर सुधार के लिए प्रतिपुष्टि का स्वागत करता है, कृपया इस लिंक का उपयोग करें: https://forms.gle/LGAP9k17fMyJrKJN7

| | |
|---|---|
| | चंद्रमा को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं, या यह छिपा हुआ है? विद्यार्थी दिन और रात मे जो वे आकाश में देखते हैं उनका चित्र बनाएँगे\| |
| **15 मिनट** | • जल संग्रह: यदि यह एक बारिश का मौसम है, तो विद्यार्थी एक पेपर कप लेंगे और इसे एक मार्कर के साथ तीन अलग-अलग स्तरों पर चिह्नित करेंगे। विद्यार्थी नीचे से 2 इंच नापने के बाद एक पैमाना/स्केल का उपयोग करे निशाँ लगा देंगे, स्तर 2 को चिह्नित करने के लिए 4 इंच और स्तर 3 को चिह्नित करने के लिए 6 इंच नापेंगे\| यदि कोई पैमाना/स्केल उपलब्ध नहीं है, तो विद्यार्थी एक उपाय के रूप में अपनी उंगलियों का उपयोग कर सकते हैं । वे पहले स्तर को नीचे से दो उंगलियों की चौड़ाई के रूप में चिह्नित कर सकते हैं, दूसरे स्तर को पहले निशान से दो उंगलियों की चौड़ाई के रूप में और तीसरे स्तर को दूसरे स्तर से दो उंगलियों की चौड़ाई के रूप में चिह्नित कर सकते हैं। वे अपनी खिड़की पर चिह्नित कप रख देंगे या सीजन में कितनी बारिश होगी, यह देखने के लिए पानी एकत्र करेंगे। विद्यार्थी तब एकत्र किए गए पानी के स्तर के साथ एक गिलास का वर्णन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि कप को सुरक्षित रूप से जमीन पर रखा जाए ताकि यह पलट न जाए। विद्यार्थी इसे दिन या सप्ताह के दौरान माप सकते हैं, हर बार कप भरते के बाद इसे खाली कर सकते हैं। |
| 15 **मिनट** | • वायु: विद्यार्थी खिड़की के पास या अपने बगीचे में खड़े होंगे, क्या आपके बाल उडते हैं? क्या आप देख सकते हैं कि आपके बाल किस दिशा में उड़ रहे हैं? विद्यार्थी खिड़की के पास या बाहर कागज का एक टुकड़ा या घास या किसी पेड़ का पत्ता पकड़ेंगे? क्या यह उड़ा और किस दिशा में गया? विद्यार्थियों को छोटी और हल्की वस्तुएं लेने दें और देखें कि क्या वह उड़ रहा है? वे कौन सी वस्तुएं हैं जो उड़ती हैं? विद्यार्थी दो स्तंभ/कॉलम बना सकते हैं - ऐसी वस्तुओं के लिए जो उड़ती हैं और एक ऐसी वस्तुएँ जो नहीं उड़ती- इससे आप बता सकते हैं कि हवा कितनी तेजी से बह रही है\|एक तीर से मदद से वायु/हवा की दिशा को दर्शाइए। |

## चौथा दिन

आज आप पत्तियों, पौधों, फलों और फूलों का अवलोकन करेंगे यह जानेंगे कि वर्तमान मौसम में उनके साथ क्या होता है |

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| 25 मिनट | • विद्यार्थी खिड़की के बाहर देखकर पौधों, पेड़ों और फूलों का चित्र बनाएँगे। बहुत अधिक धूप और बारिश के मौसम में, पेड़ और पौधे, सर्दी और गर्मी से अलग दिखते हैं - क्या आप इसे याद करके इसका चित्रण कर सकते हैं कि अलग ऋतु में यह सब कैसा दिखेगा?<br>• संकेत: क्या वहाँ बहुत सारे फूल हैं? पत्ते किस रंग के हैं? क्या पेड़ों पर बहुत सारे पत्ते हैं या एक भी नहीं? |
| 25 मिनट | • विद्यार्थी यह समझेंगे कि विभिन्न फल और सब्जियां जो ऋतुओं के अनुसार आती हैं। विद्यार्थी उस मौसम में खाए जाने वाले फल और सब्जियों के प्रकारों के बारे में सोचेंगे (आदर्श रूप से स्थानीय उगने वाली उपज)। फिर वे अपने पसंदीदा फलों और सब्जियों का चित्रण करेंगे। क्या ये अलग हैं और आपको क्या लगता है?<br>• टिप: विभिन्न फल और सब्जियां अलग-अलग मौसमों में आती हैं क्योंकि वे सभी बारिश और सूरज के विभिन्न स्तरों के साथ बेहतर होते हैं |
| 10 मिनट | • विद्यार्थी पत्तियों को संरक्षित करने का तरीका तलाश सकते हैं। वे बगीचे से एक पत्ती या फूल प्राप्त करेंगे और देखेंगे कि इसके साथ क्या होता है। वे पत्ती को एक भारी वस्तु के नीचे या एक मोटी किताब में रख देंगे और इसे दबाएंगे और कार्ड बनाने के लिए दबाए गए पत्तों और फूलों का उपयोग करेंगे |

# पांचवां दिन

आज आप पता लगाएंगे कि जब ऋतुएँ बदलती हैं तो पशु और पक्षी क्या करते हैं|

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| 5 मिनट | • विद्यार्थी जानवरों और पक्षियों के प्रकारों के बारे में सोचेंगे जो उनके घरों के पास या उनके शहर या देश में रहते हैं। |
| 10 मिनट | • विद्यार्थी इस बात पर विचार करेंगे कि क्या पशु-पक्षियों को गर्मी और ठंडी लगती है? क्या उनकी त्वचा या खाल आपके द्वारा पहने गए कपड़ों के |

| | |
|---|---|
| | समान है जो आप गर्मी या ठंडी में पहनते हैं? क्या उनकी खाल सिर्फ मोटी होती है या गर्म भी करती है? |
| **10 मिनट** | • गर्मी महसूस होने पर आप क्या करते हैं? आपको क्या लगता है कि जानवर क्या कर सकते हैं? कल्पना कीजिए कि उनके पास पंखे, एयर कंडीशनिंग आदि नहीं हैं - यदि आप वास्तव में गर्मी महसूस कर रहे हैं तो आप और क्या कर सकते हैं? विद्यार्थी अपने विचारों को चित्रित करेंगे या लिखेंगे कि वे क्या सोचते हैं कि जानवर गर्मी में क्या करेंगे।<br>• संकेत: एक ऐसे स्थान पर खड़े हो जाना जहाँ हवा बह रही हो, छाया में छुप जाना या तालाब या नदी मे तैरने के लिए जाना \| |
| **20 मिनट** | • सर्दी में आप क्या करते हैं? आपको क्या लगता है कि जानवर और पक्षी क्या कर सकते हैं?<br>• संकेत: कई जानवर शीतनिद्रा (पूरे सर्दियों के मौसम के लिए गर्म घर) में चले जाते हैं और पक्षी अक्सर दूसरे गर्म स्थान पर चले जाते हैं<br>• क्या आप एक गर्म घर, एक मुलायम खिलौने वाला जानवर बना सकते हैं जहाँ वे पूरी सर्द ऋतु बिता सकते हैं? आप उस घर में क्या रखेंगे? (जैसे खाना, कंबल, खेलने की चीजें आदि) |

## छठवाँ दिन

आज आप ऋतुओं के बारे में अब तक की सारी सीखी बातें अपने घर वालों के साथ बाटेंगे |

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **30 मिनट** | • विद्यार्थी अलग-अलग सत्रों में से प्रत्येक पर टिप्पणियों को साझा करेंगे:<br><br>--पशु/पक्षी क्या करते हैं?<br>--पौधों और पत्तियों के साथ क्या होता है और यह हमें कैसे प्रभावित करता है?<br>--हमारे प्रयोगों ने हमें हवा, धूप, बारिश और बादलों के बारे में क्या सिखाया?<br>--हम प्रत्येक मौसम में किस प्रकार के कपड़े पहनते हैं और क्यों? |

## मूल्यांकन के मापदंड

- परिवर्तन को समझ पाना और सोचकर व्यक्त कर पाना
- चित्रण और लेखन में स्पष्टता

## अतिरिक्त प्रोत्साहन गतिविधियाँ

- विद्यार्थी weather strip बनाने के लिए थर्मामीटर और समाचार पत्रों का उपयोग कर सकते हैं

## सरलीकरण करने के लिए तरीके

- विद्यार्थी मौसम की स्थिति का पता लगाने के लिए ऐसे प्रयोगों को चुन सकते हैं जो उनके लिए सबसे अधिक उपयुक्त हो और पूरा करना आसान हो|